# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union — Govt. Registered


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 6 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-98

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मैंने कुछ भी गलत नहीं किया:नीरव मोदी

**देश लौटने से इनकार**

नई दिल्ली (आरएनएस)। पंजाब नैशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर भागे हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने भारत लौटने से इनकार कर दिया है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट कोर्ट को दिए जवाब में नीरव ने कहा है कि वह सुरक्षा कारणों से भारत नहीं लौट सकते। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भगोड़ा घोषित किए जाने की ऐप्लिकेशन के जवाब में नीरव ने कोर्ट से यह बात कही।

### दुनिया के सभी ऐक्टर्स को मात देकर सबसे हैंडसम ऐक्टर्स की लिस्ट में टॉप पर रितिक रोशन

नईदिल्ली (आरएनएस)। दुनिया के सबसे हैंडसम ऐक्टर्स 2018 की लिस्ट में बॉलिवुड के सुपरस्टार रितिक रोशन टॉप पोजिशन पर पहुंच गए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि रितिक बॉलिवुड के सबसे अधिक हैंडसम और गुड लुकिंग सिलेब्रिटी हैं। रितिक बॉलिवुड के आकर्षक शख्सियतों में से एक हैं, जिन्होंने अपने लुक से ही नहीं बल्कि अपने डांस से भी दर्शकों को दीवाना बना डाला है। बॉलिवुड के सबसे टैलंटेड ऐक्टर्स में से एक रितिक अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतना जानते हैं।

### सोनिया गांधी 7 जनवरी को दे रहीं डिनर

नई दिल्ली। कांग्रेस पॉर्लियामेंट्री पार्टी के मेंबर्स को सोनिया गांधी 7 जनवरी को दे रहीं डिनर।

### स्पेशल पीएमएलए कोर्ट का बड़ा फैसला, विजय माल्या आर्थिक भगोड़ा घोषित

नई दिल्ली। कई बैंकों से 9,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेकर भारत से भागे शराब कारोबारी विजय माल्या को स्पेशल प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिग ऐक्ट कोर्ट ने आर्थिक भगोड़ा अपराधीघोषित किया है। विजय माल्या को आर्थिक भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद अब सरकार को उसकी संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार मिल सकेगा।यही नहीं पीएमएलए कोर्ट ने विजय माल्या की अपील करने के लिए कुछ समय दिए जाने की मांग को भी खारिज कर दिया।

### टीचर भर्ती परीक्षा में टॉपर शिक्षक धोखाधड़ी के आरोप गिरफ्तार

फिरोजाबाद। पुलिस ने 2015 में प्राइमरी टीचर भर्ती परीक्षा के टॉपर को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी टीचर ने नौकरी पाने के लिए फेक मार्कशीट का सहारा लिया था। इतना ही नहीं वह बेसिक सवालों के जवाब भी नहीं दे पाया। एक सवाल के जवाब में उसने बताया कि मानव शरीर में 256 हड्डियां होती हैं। आरोपी आशीष कुमार (28) शिकोहाबाद का रहने वाला है। उसे 2015 में मेरिट के आधार पर प्राइमरी टीचर भर्ती में चुना गया था। उसने 88 फीसदी मार्क्स के साथ बीपीएड की जाली मार्कशीट भी डॉक्युमेंट्स के साथ दी थी। 2015 में बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले में प्राइमरी टीचर्स की 12,460 भर्तियां निकाली थीं। आशीष कुमार इस भर्ती में जिले का टॉपर साबित हुआ था। सीडीओ नेहा जैन के नेतृत्व में हुई जांच के दौरान उसकी जालसाजी का खुलासा हुआ।

### छग सरकार का फ्री-होल्ड को लेकर बड़ा तोहफा- 600 वर्ग फिट तक के भू-खण्डों की रजिस्ट्री निशुल्क होगी

रायपुर। भूपेश सरकार ने फ्री-होल्ड को लेकर एक और बड़ा निर्णय लिया , 600 वर्ग फिट तक के भू-खण्डों की निशुल्क होगी रजिस्ट्री, 600 फिट से अधिक पर महज 1.1 फीसदी देना होगा शुल्क, छोटे भू-खण्ड धारकों को मिलेगा सीधा लाभ।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया ने कहा कि 600 फीट तक के भू-खण्डों की रजिस्ट्री निशुल्क होगी। 50 फीसदी कम होगा प्रापर्टी टैक्स, प्रक्रिया पूरी हो गई है-नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया।

# बोफोर्स से कांग्रेस की सरकार गई थी, राफेल मोदी सरकार को दोबारा वापस लेकर आएगा: रक्षा मंत्री



नई दिल्ली (आरएनएस)। राफेल मुद्दे पर कांग्रेस के आरोपों पर रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में न सिर्फ सिलसिलेवार ढंग से जवाब दिया, बल्कि उस पर कई तीखे हमले भी किए। उन्होंने कहा कि राफेल में कोई घोटाला नहीं हुआ। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि बोफोर्स की वजह से आपकी सरकार गई थी, राफेल की वजह से मोदी फिर सत्ता में आएंगे। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जब सत्ता में थी तो डील को लटकाए रखी क्योंकि उसे इसमें पैसे नहीं मिले और राष्ट्रीय सुरक्षा को नजरअंदाज की। लोकसभा में राफेल पर अपने करीब ढाई घंटे के जवाब में सीतारमण ने कांग्रेस पर लगातार झूठ बोलने और देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने लड़ाकू विमान की कीमत और एचएएल को ऑफसेट कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलने समेत विपक्ष के सभी आरोपों पर बिंदुवार जवाब दिए।

सीतारमण ने कहा, मोदी के 5 सालों के दौरान रक्षा मंत्रालय बिना दलालों के काम कर रहा है। राफेल राष्ट्रीय हितों से जुड़ा फैसला है। मैं बोफोर्स पर बात नहीं करना चाहती क्योंकि वह एक घोटाला था, राफेल घोटाला नहीं है। बोफोर्स ने आपको सत्ता से बाहर किया, राफेल मोदी को फिर सत्ता में लाएगा, यह नरेंद्र मोदी को नए भारत के निर्माण के लिए, भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए वापस लाएगा।

**18 की जगह 36 विमान का सौदा, कीमत भी 9ञ कम**

राफेल मामले में कांग्रेस एवं राहुल गांधी के आरोपों को असत्य एवं गुमराह करने वाला बताते हुए रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार में रहते हुए कांग्रेस की मंशा 10 वर्षों में राफेल विमान खरीदने एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की नहीं थी जबकि वर्तमान सरकार ने बेहतर शर्तों के आधार पर यूपीए के समय के उड़ान भरने की स्थिति वाले 18 विमानों की तुलना में 36 विमान खरीदने का सौदा 9 प्रतिशत कम कीमत पर किया।

**कांग्रेस पर वार- पैसा नहीं मिला तो सौदा रोक दिया**

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस की अगुआई वाली यूपीए सरकार के समय 10 वर्षों में एक भी राफेल विमान नहीं आया जबकि वर्तमान सरकार के तहत सरकारों के बीच समझौते पर 23 सितंबर, 2016 को हस्ताक्षर किया गया और पहला विमान इस तिथि से तीन साल के भीतर यानी 2019 में आ जाएगा और शेष विमान 2022 तक आ जाएंगे। राफेल विमान सौदे के मुद्दे पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने सदन में कहा, आपने (कांग्रेस) सौदे को रोक दिया। यह भूल गए कि वायुसेना को इसकी जरूरत है। क्योंकि यह सौदा आपको रास नहीं आया। दरअसल इससे आपको पैसा नहीं मिला।

### कमरे में आग लगने से पांच लड़कियों की जलकर मौत

वारसॉ (आरएनएस)। उत्तरी पोलैंड के कोस्जालीन शहर में एक कमरे में आग लगने से पांच किशोरियों की जलकर मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गृहमंत्री जोआचिम ब्रूडज़िंस्की ने 'टीवीएन24' से कहा, ''इस घटना में मारी गई लड़कियों की उम्र 15 वर्ष है, लड़कियां उनमें से एक का जन्मदिन मना रहीं थीं।'' दमकल विभाग के प्रवक्ता तोमास्ज कुबैक ने महिलाओं के मारे जाने की पुष्टि की और कहा, '' बुरी तरह झुलस गए एक युवक को आईसीयू में भर्ती कराया गया है।'' पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## पुलवामा में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

पुलवामा (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार को एक बार फिर आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ हो गई।

इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक मुठभेड़ में तीन आतंकी फंसे हुए हैं जिनके हिज्बुल से जुड़े होने की आशंका है। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को भी सेना ने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा है कि सुरक्षा बलों को पुलवामा के अरिपल गांव में आंतकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। उसके आधार पर शनिवार सुबह घेराबंदी और खोज अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी किए जाने के बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी जारी है और विस्तृत जानकारी मिलनी बाकी है।

**मारे गए थे हिज्बुल के 3 आतंकी**

बता दें कि गुरुवार को सेना ने एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था।

### आतंकियों के खातमे के लिए अमेरिका ने किया हवाई हमला, 11 लोगों की मौत

दमिश्क (आरएनएस)। पूर्वी सीरिया में इस्लामिक स्टेट(आईएस) आतंकवादियों के कब्जे वाले एक शहर में अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन के ताजा हवाई हमले में कम से कम 11 लोग मारे गये।

अमेरिका ने शुक्रवार को सीरिया के पूर्वी हिस्से में देर अल-जूर के शोफे शहर हवाई हमले किये। हवाई हमले में बहुत अधिक सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचा है। अमेरिका कुर्दिश की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज को पूर्वी यूफ्रेट्स नदी क्षेत्र में आईएस आतंकवादियों को पीछे खदेड़ने के लिए समर्थन दे रही है।

## घाटी में बर्फीला अलर्ट, हवाई और जमीनी संपर्क टूटा

श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर घाटी में शनिवार को बड़े पैमाने पर बर्फबारी हुई। इसके कारण यहां 40 दिनों का सर्द आफतकाल लगा है। वहीं क्षेत्र और बाहरी दुनिया के बीच हवाई और जमीनी संपर्क टूट गया। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में कम और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। वहीं पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और दिल्ली में भी ठंड का कहर जारी है।

**उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी**



पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, झारखंड व पश्चिम बंगाल सहित समूचे उत्तर भारत में लोगों का सुबह और रात के समय घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। हरियाणा में दो और उत्तर प्रदेश में तो दस लोगों की जान चली गई है। कोहरे के कारण हवाई और रेल यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि जम्मू में अगले 24 घंटों में रविवार सुबह तक और ज्यादा बर्फबारी होने के आसार हैं, जिसके बाद मौसम में सुधार होगा। कम दृश्यता के कारण और रनवे से बर्फ हटाने में आ रही दिक्कतों के चलते श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह से न कोई विमान उतरा और न किसी विमान ने उड़ान भरी।

## बेटे ने तंत्र क्रिया के लिए मां की चढ़ायी बलि

### हत्या कर पिया खून, टुकड़े कर चूल्हे में जलाया शव

कोरबा (आरएनएस)। जिस मां ने 9 महीने कोख में रखकर अपने बेटे को पैदा किया। वह बेटा इतना निर्दयी और दरिन्दा हो जाएगा यह सपने में न तो उसने और न ही जानने वाले लोगों ने सोचा होगा। सनकी बेटे ने तंत्र क्रि या के लिए मां की बलि चढ़ा दी। हत्या कर उसका खुन पीया, शव के टुकड़े किये और पूजा कर चूल्हे में जला दिया।



फाईल चित्र

पुलिस सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले अंतर्गत घटना पाली विकासखण्ड के पुलिस सहायता केन्द्र चैतमा, थाना पाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामाकछार की है। घटना 04 दिन पूर्व 31 दिसंबर की है लेकिन प्रत्यक्षदर्शी महिला ने इसकी सूचना 3 जनवरी को रात लगभग 08 बजे चैतमा पुलिस को दी।

## आईएएस बी. चंद्रकला के आवास पर सीबीआई का छापा

### अवैध खनन मामले में टीम का ऐक्शन

लखनऊ (आरएनएस)। अवैध खनन के मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की टीमों ने लखनऊ, कानपुर, हमीरपुर, जालौन समेत कुल 12 जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई टीम ने लखनऊ स्थित हुसैनगंज में आईएएस अधिकारी बी. चंद्रकला के आवास पर भी छापा मारा। सफायर अपार्टमेंट में सीबीआई ने छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

गौरतलब है कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पूर्व की समाजवादी सरकार में बी. चंद्रकला की पोस्टिंग हमीरपुर में भी हुई थी। उन पर आरोप लगा था कि उन्होंने जुलाई 2012 के बाद हमीरपुर जिले में 50 मौरंग खनन के पट्टे कर दिए थे। हालांकि, उस दौरान ई-टेंडर के जरिए मौरंग के पट्टों को स्वीकृत करने का प्रावधान था। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए ऐसा किया गया था।

बता दें कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा ऐक्टिव रहने वाले आईएएस अफसरों में बी. चंद्रकला की भी गिनती होती है। 2008 बैच की उत्तर प्रदेश काडर की आईएएस बी. चंद्रकला तेलंगाना की मूल निवासी हैं।

### खाई में गिरी स्कूल बस, ड्राइवर समेत 6 बच्चों की मौत

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में शनिवार सुबह एक भीषण हादसा हुआ। खड़कोली के समीप एक स्कूल बस खाई में जा गिरी जिसमें ड्राइवर समेत 6 बच्चों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

स्थानिय बच्चों की सहायता से पुलिस ने घायल बच्चों को निकाला और ददाहू अस्पताल में भर्ती कराया।

### अमेरिका के फ्लोरिडा में भीषण सड़क हादसा, सात लोगों की मौत, 8 घायल

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में एक गर्भवती महिला समेत कम से कम आठ अन्य लोग घायल हो गए।




फ्लोरिडा हाइवे पर गश्त लगाने वाली पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

## रेलवे में होगी 13487 पदों की भर्ती

नई दिल्ली (आरएनएस)। रेल मंत्रालय ने कनिष्ठ अभियंताओं (जेई), कनिष्ठ अभियंताओं (आईटी), डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस) और रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए) के 13487 पदों की भर्ती के लिए घोषणा की है।

इस दो चरण की भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2019 है। रेल मंत्रालय ने कनिष्ठ अभियंताओं (जेई), कनिष्ठ अभियंताओं (आईटी), डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस) और रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए) के 13487 पदों की भर्ती के लिए घोषणा की है। सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार इन पदों का वेतनमान 35,400-1,12,400 रुपये (लेवल-6) है। रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर इन पदों के लिए सूचना जारी की गई है। इस दो चरणों की भर्ती (पहला चरण-सीबीटी, दूसरा चरण-कागजात सत्यापन) हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2019 है। ध्यान रहे कि सूचित की गई 13487 रिक्तियां विभिन्न रेलवे जोनों तथा राज्यों में फैली है।

### ट्रंप ने महाभियोग को लेकर कांग्रेस सदस्य के बयान को शर्मनाक बताया

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने खिलाफ महाभियोग की मांग को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी की महिला सदस्य के बयान को शर्मनाक बताया है। ट्रंप ने कहा, उनकी टिप्पणी शर्मनाक है, उन्होंने कल मिशिगन से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद राशिदा तलैब की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, उन्होंने खुद को और अपने परिवार को अपमानित किया है। तलैब का बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा।

## अब बच्चे नहीं होंगे फेल!

### संसद से मिली संशोधन विधेयक को मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा ने आठवीं कक्षा तक फेल नहीं करने की नीति में संशोधन वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने उच्च सदन में निरूशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2018 पर चर्चा के जवाब में कहा कि यह राज्यों को तय करना है कि वे नयी व्यवस्था अपनाते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में बच्चों को उसी कक्षा में रोकने या नहीं रोकने का अधिकार राज्यों के पास होगा।

उनके जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वाम दलों के सदस्यों ने विधेयक का विरोध करते हुए सदन से वाकआउट किया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक की



जरूरत की चर्चा करते हुए जावडेकर ने कहा कि अक्सर कहा जाता है कि पांचवीं कक्षा के छात्रों को तीसरी कक्षा का गणित भी नहीं आता। ऐसे में व्यवस्था में बदलाव की बात की जा रही थी। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक में भी यह बदलाव किए जाने की बात की गयी थी। उन्होंने कहा कि स्थायी समिति में भी इस बात पर एकराय थी। उन्होंने कहा कि कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी बल्कि स्कूलों में ही परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि पीछे रह जाने वाले छात्रों को दो महीने बाद एक और मौका भी दिया जाएगा।

## थाइलैंड वाले ऑपरेशन से भी कठिन है मेघालय के मजदूरों को निकालना

नई दिल्ली (आरएनएस)। मेघालय की एक खदान में फंसे 15 खनिकों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने बताया है कि खनिकों को निकालना इतना भी आसान नहीं है। केंद्र ने यहां तक कहा कि मेघालय का ऑपरेशन थाइलैंड में बचाए गए बच्चों के ऑपरेशन से भी कठिन है। इसके पीछे केंद्र ने विभिन्न कारण भी गिनाए हैं।



बता दें कि मेघालय खनिकों के मामले को एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में मेंशन किया था। फिर उसपर दो जजों की बेंच ने सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रेस्क्यू ऑपरेशन में अबतक कोई सफलता न मिलने पर नाराजगी जताई। जिसपर न्यायमूर्ति ए के सीकरी और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ को सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि यह खदान गैरकानूनी है, जिसकी वजह से इसका कोई खाका ही नहीं है। वहीं खदान एक नदी के किनारे स्थित है और इससे हो रहा पानी का रिसाव बचाव अभियान में बाधा पैदा कर रहा है।

**आया थाइलैंड की गुफा का जिक्र**

सुप्रीम कोर्ट में पिछले साल थाइलैंड की एक गुफा में फंसे 12 बच्चों और उनके कोच का भी जिक्र आया।